-प्रेस नोट-

"ऑपरेशन सवेरा"

दिनांक 05.03.2026

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

थाना नागल पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 212 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत करीब 45 लाख रुपये), 01 इलैक्ट्रॉनिक कांटा तथा 700/- रुपये बरामद।

*अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों /नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी, बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है। व **शासन द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान** के अन्तर्गत नशा तस्करो के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने हेतू आदेशित किया गया है।*

*इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री राजकुमार चौहान के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.03.26 की रात्रि को थाना नागल पुलिस टीम द्वारा मुजफ्फरनगर-सहारनपुर हाईवे से **सुशील कुमार पुत्र जगपाल निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार** को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 212 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत करीब 45 लाख रुपये), एक इलैक्ट्रॉनिक कांटा, 700/- रुपये नगद तथा एक मो0सा0 बजाज सीटी 0नं 0रजि 100UP 11BL 5336 बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना नागल पर मु0अ0सं0 73/26 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है तथा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. सुशील कुमार पुत्र जगपाल निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

बरामदगी का विवरण:-

- *212 ग्राम अवैध स्मैक*
- *01 इलैक्ट्रॉनिक कांटा*

- *700/- रुपयेनकद*
- *01 मो0सा0 बजाज सीटी 100 रजि0 नं0 UP 11BL 5336*

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-</u>

1.मु0अ0सं0 73/26 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना नागल
2.मु0अ0सं0 11/16 धारा 323/452/504/427 भादवि थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>

1. *थानाध्यक्ष श्री राजकुमार चौहान थाना नागल,सहाररनपुर*
2. *उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह भाटी थाना नागल,सहाररनपुर*
3. *है0का0 1006 तरुण त्यागी थाना नागल,सहाररनपुर*
4. *है0का0 914 रणजीत सिंह थाना नागल,सहाररनपुर*
5. *का0 2337 कृष्णगोपाल थाना नागल,सहाररनपुर*

दिनांक: 05.03.2026

-प्रेस नोट-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा आप्रेशन मुस्कान के तहत मात्र 02 घण्टे में 02 गुमशुदा बच्चो को तलाश कर परिजनो के किया सुपर्द।

अवगत कराना है कि दिनांक 05.03.26 को श्री सुरेन्द्र यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी रामघाट कालोनी शुगर मील थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर द्वारा 02 बच्चो को थाना कुतुबशेर लेकर आये तथा बताया कि यह 02 बच्चे रामघाट कालोनी में घुम रहै थे जिनके परिजनो को तलाश किया परन्तु नही मिले। उक्त घटना के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक महोदय को अवगत कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा घटना का संज्ञान लेकर तत्काल खोये हुए बच्चो के परिजनो की तलाश हेतु आदेश निर्देश निर्गत किये गये। आदेश-निर्देशो के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा मात्र 02 घण्टे में गुमशुदा बच्चे 01.दिव्यांशु उम्र करीब 04 वर्ष पुत्र मुकेश हलवाई 2. दिव्यांशी उम्र करीब 05 वर्ष पुत्री मुकेश हलवाई निवासीगण गली नं0- 04 शारदानगर थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर को उनके परिजन – 1.मुकेश हलवाई पुत्र हरिओम नि0 गली नं0- 4 शारदानगर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर व विरेन्द्र सिंह राणा पुत्र स्व0 ज्ञान सिंह निवासी पीरवाली गली शारदानगर थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर की जानकारी कर उनके सुपुर्द किया गया।

गुमशुदा बच्चो का नाम व पताः-

1. दिव्यांशु पुत्र मुकेश हलवाई निवासी गली नं0- 04 शारदानगर थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर
2. दिव्यांशी पुत्र मुकेश हलवाई निवासी गली नं0- 04 शारदानगर थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर

गुम बच्चो के परिजनो को तलाश करने वाली पुलिस टीम का नामः-

1. उ0नि0 शशांक गिरि थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर
2. का0 272 संदीप कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर
3. का0 2070 जीशान मलिक थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर
4. म0है0का0 971 मोन्टी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर